हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 भाषाण प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप में इंडस....



10 इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के विद्यार्थियों....



## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव उझाना के निकट तेजरफ्तार वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव धमतान साहिब निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई बलजीत कार्यवश उझाना की तरफ गया था। उसी दौरान सड़क पर किसी तेजरफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### बाइक सवार पर्स छीनकर फरार

**कैथल।** कैथल के अंबाला रोड स्थित हिंदू कन्या स्कूल के निकट से बाइक सवार दो युवा एक युवती का पर्स छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में जालंधर मोहल्ला कैथल की सीमा ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अगस्त को दोपहर करीब 2:00 बजे जब वह हिंदू स्कूल के निकट से जा रही थी तो बाइक सवार दो युवा उसका पर्स छीनकर फरार हो गए। उसने बताया कि उसके पर्स में उसका मोबाइल व अन्य दस्तावेज थे।

### राइस मील से 500 बैग गेहूं चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव धरौदी राइस मील में लगे स्टॉक से 500 बैग गेहूं गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टोहाना निवासी सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव धरौदी के निकट राइस मील लगाया हुआ है। जिसमें गेहूं का स्टॉक लगाया गया है। पीछे से चोरों ने मील से 500 बैग गेहूं को चोरी कर लिया है।

### गांव कसान में मारपीट में दंपत्ति घायल, केस

**कैथल।** कैथल के गांव कसान में हुई मारपीट में दंपत्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव कसान के सुरेश ने राजोद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 अगस्त को जब गांव से गुजर रहा था तो गांव के ही श्याम, बलवीर, भीम, राजा, सुशील, निर्मल और काली ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे वह उसकी पत्नी को घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव हाडवा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हाडवा निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि गत 23 अगस्त को उसकी 26 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई। तलाशने पर सुराग नही लगा। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन बदमाश युवक से बाइक छीनकर फरार

**कैथल।** कैथल के गांव शीलाखेड़ा से तीन बदमाश एक व्यक्ति का बाइक छीनकर फरार हो गए। शक्ति नगर कैथल के प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 को जब वह सायं करीब 7:15 बजे शीलाखेड़ा ड्रेन के निकट से जा रहा था तो 3 बदमाशों द्वारा उसके साथ मारपीट करते जबरन उसकी बाइक छीन कर फरार हो गए। बाइक की कीमत करीब 30000 बताई गई है। सब इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरकारी स्कूल से इंवर्टर बैट्री अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव अंबरसर सरकारी स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अंबरसर सरकारी स्कूल के मुख्यिा शमशेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर सामान को चोरी कर लिया।

# जींद नागरिक अस्पताल में अब 24 घंटे दवा खिड़की प्रारंभ करने की तैयारी, लोगों की परेशानी देख विभाग का फैसला

*रात नौ बजे के बाद नही मिलती किसी भी एमरजेंसी स्थिति में दवाइयां*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में अब अस्पताल में 24 घंटे डिस्पेंसरी शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। आपातस्थिति में मरीजों को शहर में कहीं भी दवाई उपलब्ध नही होती है। शहर के लोगों को रात के समय हर तरह की दवा उपलब्ध हो इसके लिए यह योजना बनाई गई है। नागरिक अस्पताल में फिलहाल दवा वितरण खिड़की दोपहर को तीन बजे बंद हो जाती है। इसके बाद मरीजों को दवा नही मिलती। यह स्थिति रात को ज्यादा खराब होती है। अगर किसी मरीज या सामान्य व्यक्ति को कोई शारीरिक परेशानी होती है तो उसके लिए रात को दवाई उपलब्ध करवाना सबसे बड़ी कठिनाई है।

### अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जाएंगी

हालांकि सभी निजी अस्पतालों के स्टोर भी शाम को सात बजे के बाद बंद हो जाते हैं। इसके अलावा मार्केट के भी सभी दवा केंद्र शाम को लगभग नौ बजे तक बंद हो जाते हैं। शहर की लगभग दो लाख की आबादी के लिए यह परेशानी रहती है। इस परेशानी से हर व्यक्ति को छुटकारा दिलवाने के लिए नागरिक अस्पताल के पुराने भवन में एमरजेंसी के सामने चल रहे दवा केंद्र पर ही यह सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास है। फिलहाल इसके लिए अस्पताल प्रशासन व्यवस्थाएं करने में लगा हुआ है। इसके लिए अस्पताल प्रशासन को फार्मासिस्ट की जरूरत भी पड़ेगी। फिलहाल नागरिक अस्पताल के पास फार्मासिस्ट सीमित हैं। इसके लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जाएंगी।

### रात के समय में दवाइयां उपलब्ध होना कठिन



जींद। नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में दवा खिड़की पर लगी लाइन। फोटो :हरिभूमि

### 24 घंटे दवा खिड़की चलाने का निर्णय : डा. रघुवीर पूनिया

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि दवा को लेकर जिले के लोगों की इस समस्या को देखते 24 घंटे दवा खिड़की चलवाने का निर्णय हुआ है। फिलहाल इसके लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसको लेकर जल्द ही लोगों को राहत की खबर मिलेगी। शहर में रात के समय में दवाइयां उपलब्ध होना सबसे कठिन काम है। रात के समय में मरीजों को दवाई के लिए भटकना पड़ता है। इसके बावजूद भी दवाई मिलना नामुनकिन है।

### अस्पताल में पिछले छह माह में यह बढ़ी सुविधाएं

नागरिक अस्पताल में पिछले छह माह पहले तक रात को बेहद कम सुविधाएं थी। इसके चलते एमरजेंसी में आने वाले अधिकतर मरीजों को रेफर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन के तौर पर कार्यभार संभालते ही डा. सुमन कोहली ने 24 घंटे लैब चलाने का निर्णय लिया ताकि रात को आने वाले मरीजों की जांच की जा सके। इसके अलावा पहले एक्सरे केवल ओपीडी के समय ही होते थे। इनको भी 24 घंटे के लिए शुरू किया गया। पहले दुर्घटना में चोट लगने से घायल हुए मरीजों को रात को एक्सरे नहीं होने से या तो सुबह तक इंतजार करना पड़ता था या फिर रात को ही दूसरे अस्पतालों में रेफर होना पड़ता था। अब अस्पताल में इन सुविधाओं को बढ़ाने के बाद 24 घंटे दवा खिड़की भी शुरू करने की तैयारी है।

*जिले में औसत 50 तो नरवाना में 74 एमएम से जनजीवन प्रभावित*

# दिनभर रुक-रुक कर बरसात से कई स्थानों पर जलभराव, बिजली व्यवस्था भी चरमराई

*पूरे जिले में पहली बार एक साथ बारिश, आगे भी बने बरसात आसार*

बरसात को फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में बारिश का सिलसिला सोमवार को दिनभर रूक-रूक कर जारी रहा। बारिश फसलों के लिए तो फायदेमंद है। कुछ जलभराव के चलते शहरी इलाकों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का सिलसिला रविवार शाम को शुरू हुआ था जो सोमवार को भी दिनभर जारी रहा। कभी फुहार तो कभी तेज बारिश की बौछार पडती रही। जिसके साथ बिजली व्यवस्था भी बाधित होती रही। जिले मे पिछले 24 औसतन 50.42 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा नरवाना मे 74 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते तापमान मे भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है। मानसूनी सीजन में पहली बार जिले मे एक साथ अच्छी बारिश हुई है। पहले बारिश बिखराव में जरूर हुई है। सबसे ज्यादा बारिश नरवाना में 74 एमएम दर्ज की गई। जींद में 53 , जुलाना में 71 एमएम, सफीदों में 30 , उचाना में 30 एमएम, पिल्लूखेड़ा में 28 एमएम, अलेवा में 57 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश से धान फसल बैल्ट सफीदों, पिल्लूखेड़ा को काफी राहत मिली है। जुलाना इलाके के कुछ हिस्सों में जरूर परेशानी बढ़ी है। बारिश को फसलो के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है। अगले 24 घटो के दौरान आकाश मे बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है।



जींद। निकासी न होने से जमा बरसाती पानी। फोटो :हरिभूमि



जींद। सड़क पर गड्ढे में जमा बरसाती पानी से गुजरता ऑटो। फोटो :हरिभूमि

#### मौसम बना रहा सुहाना

*मानसून के एक्टिवेट होने के साथ रविवार शाम को शुरू हुआ रूक-रूक कर बारिश का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। सोमवार को दिन का आगाज आकाश में छाए गहरे बादलों तथा सुहाने मौसम के साथ हुआ। जिसके साथ बारिश की फुहारें भी पडने लगी। यह सिलसिला दिनभर जारी रहा। तापमान में अधिकतम तापमान मे भी दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।*

#### जलभराव बना परेशानी

*बारिश के चलते कुछ स्थानो पर जलभराव के भी हालात बने रहे। सड़कों पर बरसाती पानी खड़ा हो गया। शहर के पॉश इलाकों तथा बाहरी बस्तियों में कुछ स्थानों पर पानी जमा रहा। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान रविवार देर रात तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। सोमवार दिन में व्यवधान पडता रहा।*



सीवन। मेन रोड पर आया तालाब का पानी। फोटो :हरिभूमि

# तालाब ओवरफ्लो होकर मुख्य सड़क मार्ग तक फैला पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

क्षेत्र में रविवार शाम से शुरू हुई झमाझम बरसात सोमवार सुबह तक लगातार जारी रही। रातभर हुई बारिश से जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं नगर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई।

कई जगहों पर जलजमाव की स्थिति बन गई, जिससे आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नगर के तालाब भी पानी से लबालब भरकर ओवरफ्लो हो गए। कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग पर नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित तालाब का पानी भरकर सड़क पर आ गया। इससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर तालाब का पानी आने से निचले इलाकों के घरों में भी सीलन और गंदगी बढ़ गई है। जलभराव के कारण न केवल यातायात प्रभावित हुआ, बल्कि लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए भी परेशान होना पड़ा। लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका नियमित रूप से तालाबों की सफाई करवाए ताकि बरसात के मौसम में ऐसी समस्याएं दोबारा न खड़ी हों।

#### सरकार ने जारी

इस संबंध में नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि नगर में हालात काबू में हैं। तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आया है, लेकिन उसे निकालने के लिए इंजन लगा दिए गए हैं। शाम तक इस पानी को निकासी नालों के माध्यम से आईपीएस (इंटेक पंपिंग स्टेशन) में भेज दिया जाएगा और वहां से पंप करके एमपीएस (मेन पंपिंग स्टेशन) में डाल दिया जाएगा। समस्या का समाधान जल्द ही कर लिया जाएगा और नागरिकों को राहत दी जाएगी।



सीवन। खेत से पानी निकलता किसान।

#### बरसात से सब्जी की फसलों को भरी नुकसान

**सीवन।** क्षेत्र में रविवार शाम से शुरू हुई बरसात सोमवार सुबह तक लगातार जारी रही। रातभर हुई झमाझम बारिश से जहां लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिली, वहीं नगर के निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात का सबसे अधिक दुष्प्रभाव किसानों पर पड़ा है। खेतों में खड़ी सब्जियों व खरीफ की फसलों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। क्षेत्र के किसान राजेश रहेजा, सुरेंद्र सरदाना, जरनैल सिंह और भीषु चौधरी ने बताया कि खेतों में पानी भर जाने से बेल वाली सभी सब्जियों जैसे- लौकी, तोरी और करेला को खासा नुकसान हुआ है। सबसे अधिक असर टमाटर की फसल पर पड़ा है। इसके अलावा भिंडी और बैंगन जैसी सब्जियों के फूल झड़ गए, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। किसानों ने बताया कि धान की अगेती किस्म की बिजाई पहले से हो चुकी थी, उस पर भी बरसात का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। अगर आने वाले दिनों में और तेज बरसात या आंधी-तूफान हुआ, तो धान की फसल गिर सकती है और उसका दाना काला पड़ने का भी खतरा है। किसानों का कहना है कि ऐसी परिस्थिति में यदि मौसम में सुधार नहीं हुआ तो फसल की पैदावार बुरी तरह प्रभावित होगी।

### एसडीएम ने किया गांवों का निरीक्षण

**जींद।** बरसात मौसम को देखते हुए जुलाना उपमंडल के गांवों में जलभराव की समस्या से बचाव हेतु एसडीएम होशियार सिंह ने सोमवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ करेला, झमौला, खरैंटी व गढ़वाली आदि गांवों का निरीक्षण किया। उपमंडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी प्रमुख ड्रेनों पर जाकर बारीकी से जायजा लिया और साफ.-सफाई इत्यादि कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम होशियार सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बरसाती सीजन को देखते हुए प्रत्येक नालों की सफाई एवं निकासी करवाना सुनिश्चित करें ताकि जलभराव की स्थिति ना हो। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर जलभराव की संभावना अधिक रहती है, वहां शॉर्ट टर्म समाधानात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# तीन आरोपितों ने कबूली 41 चोरी की वारदातें

- 37 किलो 610 ग्राम चोरी की तार और वारदात में यूज बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

खेते से तार व अन्य सामान चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा 3 आरोपियों को काबू कर 3 दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि दौरान आरोपियों ने खेतो से तार व अन्य सामान चोरी करने की कुल 41 वारदात कबुल की है, जिन बारे अलग अलग थानों में 10 मामले दर्ज है। डीएसपी मुख्यालय बीर भान ने बताया कि गुहणा निवासी जय भगवान की शिकायत अनुसार 13/14 अगस्त 2025 की रात को उसके खेत में बने कोठे का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति समर्सिबल बोर की करीब 40 फीट तार व होका चोरी कर ले गए थे। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जय भगवान, एचसी अनिल, होमगार्ड विकास की टीम द्वारा करते आरोपी पाडला रोड कैथल निवासी संदीप, सुल्तान उर्फ भोला तथा सलेम उर्फ दिवा को गिरफ्तार करके अदालत से 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जांच में सामने आया कि तीनों आरोपी दिन के समय चोरी क्षेत्र की रेकी करते थे तथा रात के समय चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।



#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

रिमांड अवधि दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी अब तक कैथल क्षेत्र में कुल 41 चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। जो थाना सदर के 4, थाना सीवन के 3, थाना कलायत के 2 व थाना राजोंद का एक मामला शामिल है, जो इन मामलों में 41 खेतों से तार व अन्य सामान चोरी किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 37 किलो 610 ग्राम चोरीशुदा तार तथा वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। सभी आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

#### अज्ञात के खिलाफ किया था मामला दर्ज

*डीएसपी मुख्यालय बीर भान ने जानकारी देते बताया कि गुहणा निवासी जय भगवान की शिकायत अनुसार 13/14 अगस्त 2025 की रात को उसके खेत में बने कोठे का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति समर्सिबल बोर की करीब 40 फीट तार व होका चोरी कर ले गए थे। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया।*

श्रद्धांजलि | 65 वर्षीय ने लंबी बीमारी से जूझते अपने पैतृक गांव ग्योग में अंतिम सांस ली

# भारत माता के वीर सपूत पूर्व सैनिक रामचंद्र को पुष्प चक्कर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय सेना में कच्छ भुज क्षेत्र के हीरो रहे पूर्व सैनिक सिपाही रामचंद्र थल सेवा की रैकी एंड स्पोर्ट 17 ग्रेनेडियर रेजीमेंट में दुर्लभ परिस्थितियों में अपनी मातृभूमि की सेवा करने के बाद सकुशल सेवानिवृत हुए जांबाज योद्धा 65 वर्षिय ने लम्बी बीमारी से जूझते हुए अपने पैतृक गांव ग्योग में अंतिम सांस ली। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल अपने पूर्व सैनिक के घर पहुंचे वहां जाकर एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी के साथ सीपीओ राजवीर भाना , हवलदार मदन सिंह चहल , हवलदार राजबीर सिंह ढुल, रिसालदार कर्मवीर भाल, दफेदार बलदेव सिंह ने अपने साथी के पार्थिक शरीर पर तिरंगा ओढाया उनकी शव यात्रा में शामिल हुए।



कैथल। पूर्व सैनिक सिपाही रामचंद्र के परिवार को तिरंगा सौपते पूर्व सैनिक।

#### ये रहे मौजूद

शमशान घाट में अपनी भारत माता के वीर सपूत को पुष्प चक्कर, फूल मालाओं व फूलों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रधान जी के साथ हवलदार राजपाल बालू हवलदार राजवीर दूल ,सूबेदार कर्मवीर सिंह, सूबेदार अजमेर सिंह, सिपाही ओम प्रकाश, सिपाही सोनी दहिया, नायक भीम सिंह सभी ने सामूहिक रूप से तिरंगा उनके पुत्र विकास को भेंट किया और प्रधान जी ने बताया कि ये तिरंगा इस परिवार को हमेशा इन के पिताजी की याद दिलाता रहेगा इसीलिए पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन अपने स्वर्गीय साथियों के अंतिम संस्कार पर उनके परिवारों तिरंगा भेंट करती है तत्पश्चात उनके पुत्र ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सैनिकों के साथ, पारिवारिक सदस्य, रिश्तेदार व गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# कलासर में करंट लगने से किसान की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव कलासर में सोमवार को करंट लगने से 40 वर्षीय किसान की मौत हो गई। अपने खेत में मोटर बंद करने के लिए गया था। बरसात के कारण तार गीले थे। जैसे ही वह मोटर को बंद करने लगा तो खुले पड़े तार पर हाथ टच हो गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना कलासर की है।

घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो पुलिस टीम मौके पर पहुंची और परिजनों के सहयोग से शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि राजेश गांव में ठेके पर जमीन लेकर खेती कर रहा था। सुबह वह अपने खेत में सबमर्सिबल की मोटर बंद करने के लिए गया था, लेकिन काफी देर तक घर वापस नहीं आया। बरसात के कारण तार गीले थे। मोटर बंद करने लगा तो बिजली की चपेट में आ गया और स्टार्टर के ऊपर गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि राजेश के परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है, जो अभी छोटे हैं। उनका पूरा परिवार राजेश पर ही आधारित था। परिजनों ने परिवार को सहायता देने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### डीएवी स्कूल में अस्मिता वूमेन सिटी लीग 29 को

**जींद।** हरियाणा योगासन खेल संगठन की ओर से 29 अगस्त को डीएवी पब्लिक स्कूल जींद में अस्मिता वूमेन सिटी लीग करवाई जाएगी। जिसमें 500 महिलाएं भाग लेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी करेंगे अध्यक्षता जींद नप की अध्यक्ष अनुराधा सैनी करेंगी। चेयरमैन डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि प्रतियोगिता में चार आसन अनिवार्य रूप से तथा दो आसन अपनी इच्छानुसार करने होंगे।

### लंबी कूद में जिलास्तर पर आई मुस्कान प्रथम

**उचाना।** जिलास्तरीय 200 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद प्रतियोगिता में शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी की छात्रा मुस्कान ने लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में मुस्कान हिस्सा लेगी। 200 मीटर में मुस्कान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रोमिला मलिक ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में विद्यार्थी स्थान प्राप्त कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है।

### कई सेमेस्टरों की स्पेशल चांस परीक्षा की मांग

**जींद।** सीआरएसयू में एबीवीपी इकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा यूजी 2, 4 सेमेस्टर और पीजी 2 सेमेस्टर की स्पेशल चांस की परीक्षा कराए जाए। क्योंकि पिछले साल भी विद्यार्थियों के हित में एबीवीपी ने मांग की थी। इसको तत्कालीन कंट्रोलर ने मान लिया था। इस विषय में 23 अगस्त 2024 को नोटिस भी जारी हुआ था।

### अध्यापक दिवस पर कार्यक्रम पांच को

**जींद।** धर्म संस्थानम जींद द्वारा पांच सितंबर को अध्यापक दिवस का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल जींद में किया जाएगा। जिसमें जिले में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले अध्यापक, प्राचार्य तथा स्कूल संचालक को क्रमशः शिक्षक रत्न, प्राचार्य भूषण, संचालक श्री तथा सहायक श्री पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए जिले के किसी भी सरकारी-निजी स्कूल में काम करने वाले अध्यापक, संचालक, प्राचार्य और क्लर्क निर्धारित परफॉर्मे पर आवेदन कर सकते हैं।

### 300 लीटर कच्ची शराब 80 लीटर लाहण बरामद

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव हरनामपुरा में एक ठिकाने पर 300 लीटर कच्ची शराब तथा 80 लीटर लाहण बरामद की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना नरवाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव हरनामपुरा निवासी प्यारा अवैध शराब का कारोबार करता है।

### भारोत्तोलन प्रतियोगिता में अरमान द्वितीय रहे

**उचाना।** जिलास्तर पर आयोजित जींद में भारोतोलन प्रतियोगिता में शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल बुडायन के विद्यार्थी अरमान द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में 76 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिलास्तर प्रतियोगिता में पहुंचा था। प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार ने कहा कि होनहार विद्यार्थी पर हमें गर्व है। खेल के क्षेत्र में स्कूल के विद्यार्थी निरंतर स्थान प्राप्त कर रहे है। कोच रितु को भी सफलता का श्रेय दिया।

### जीवन में जैसा भाव होगा वैसा होगा कर्म : शास्त्री

**उचाना।** लितानी रोड हनुमान मंदिर स्थित सीताराम धर्मशाला में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व कलश यात्रा निकाली। हनुमान मंदिर से शुरू हो विभिन्न बाजारों से होते यात्रा निकाली। कथावाचक शास्त्री सोम भारद्वाज है। बाबा भगवान दास वृद्धाश्रम सेवा समिति उचाना द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा है।

### खंड स्तरीय पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन

**जींद।** सफीदों के राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में खंड स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्यातिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने शिरकत की और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रदर्शनी में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को नकद राशि देकर सम्मानित किया।

## इंडस में अंतरविद्यालय बैडमिंटन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन

# भाषण प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप में इंडस स्कूल की गौरिका प्रथम

- बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर-14 लड़कों में इंडस स्कूल अव्वल

### विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अतिरिक्त प्रतियागिताओं और खेलों में भी भाग लेना चाहिएः सुभाष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल में इंडस अंतरविद्यालयी बैडमिंटन टूर्नामेंट और अंग्रेजी भाषण प्रतियागिता का आयोजन हुआ। जिसमें इंडस जींद, पिल्लूखेड़ा, मिर्चपुर, किनाना, करनाल, कैथल, हिसार और रोहतक आदि विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। अंग्रेजी भाषण प्रतियागिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रियदर्शनी महाविद्यालय जींद से प्रोफेसर समिता आशरी और हिंदू कन्या महाविद्यालय से लेक्चरर अंजलि गुप्ता ने शिरकत की। इंडस संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण, कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर, आईसीआई निदेशक संजीव तायलने उनका स्वागत किया। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप में इंडस पब्लिक स्कूल जींद कक्षा बारहवीं से गौरिका ने प्रथम स्थान, इंडस पब्लिक स्कूल कैथल कक्षा ग्यारहवीं से यशप्रीत ने द्वितीय स्थान, इंडस पब्लिक स्कूल मिर्चपुर कक्षा बारहवीं से खुशी ने तृतीय स्थान और इंडस पब्लिक स्कूल किनाना कक्षा ग्यारहवीं से दक्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। जूनियर ग्रुप से इंडस पब्लिक स्कूल हिसार कक्षा दसवीं से अथर्व ने प्रथम स्थान, इंडस पब्लिक स्कूल हिसार से ही कक्षा दसवीं से अक्षिता ने द्वितीय स्थान, इंडस पब्लिक स्कूल कक्षा दसवीं से खुशी ने तृतीय स्थान और इंडस पब्लिक स्कूल रोहतक कक्षा दसवीं से मानसी ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर-14 लड़कों में इंडस पब्लिक स्कूल जींद प्रथम और इंडस पब्लिक स्कूल हिसार द्वितीय स्थान पर रहा। अंडर-14 लड़कियों में इंडस पब्लिक स्कूल कैथल प्रथम और इंडस पब्लिक स्कूल जींद द्वितीय रहा। अंडर-19 लड़कों में इंडस पब्लिक स्कूल जींद प्रथम और इंडस पब्लिक स्कूल रोहतक द्वितीय स्थान पर रहा। अंडर-19 लड़कियों में इंडस पब्लिक स्कूल जींद प्रथम और इंडस पब्लिक स्कूल रोहतक द्वितीय स्थान पर रहा। इंडस गुरप के निदेशक सुभाष श्योराण ने अपने संबोधन में बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए और खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि आज के आधुनिक युग में मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास का होना भी बहुत जरूरी है। इसलिए सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अतिरिक्त प्रतियागिताओं और खेलों में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।


जींद। खिलाड़ियों से परिचय लेते इंडस निदेशक सुभाष श्योराण। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।

#### प्रतियोगिताओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास

प्राचार्या अरूणा शर्मा ने सभी प्रतिभागी खिलाडियों को आर्शीवाद देते कहा कि आज के छात्रवर्ग को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ खेलों पर भी विषेश ध्यान देना चाहिए। खेलों के माध्यम से ही हमारे अंदर आत्मविश्वास और मेल-जोल की भावना बढ़ती है। स्कूल उपप्राचार्य प्रवीन कुमार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि प्रतियोगिताओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।


जींद। पदक जीतने वाले विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के विद्यार्थियों ने जीते कई स्वर्ण पदक

- जिला स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न खेलों में भाग लेकर छात्रों ने कई स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अपने नाम किए। शूटिंग प्रतियोगिता में गौरव ने ओपन साइट राइफल अंडर 17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। परमवीर ने ओपन साइट राइफल अंडर 14 में रजत, नैतिक ने राइफल अंडर 14 में रजत, रोबिन ने पिस्टल अंडर 19 में कांस्य, हर्ष ने पिस्टल अंडर 17 में रजत, साक्षी ने पिस्टल अंडर 17 में स्वर्ण तथा कुश ने राइफल अंडर 14 में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भी विद्यालय के खिलाडिय़ों ने परचम लहराया। विशेष, समर और यशमीत ने अंडर 14 वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। वहीं अनुज, यश और अनुज राघव ने अंडर 17 वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में परीक्षित ने अंडर 17 वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विद्यालय के हैड मास्टर जेएस सारंग ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। वहीं डा. संजीव तायल डायरेक्टर इंडस कैरियर इंस्टिट्यूट ने छात्रों को बधाई देते जीत उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है।

#### विपक्ष के पास झूठ के सिवाए कोई मुद्दा नहींः अत्री

**उचाना।** रजबाहा रोड पर उचाना मंडल के पदाधिकारियों की मीटिंग हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। रविवार को उचाना हलके के सभी चारों मंडलों में अलग-अलग पदाधिकारियों की मीटिंग हुई। यहां पहुंचने पर विधायक का स्वागत किया गया। पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक मीटिंग थी। चारों मंडलध्यक्ष हैं, अलग-अलग मंडलों में मीटिंग हुई है। अब तक केंद्रए प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किए गए है उनके बारे में बताया गया है ताकि बूथ स्तर पर घर.घर जाकर सरकार के ऐतिहासिक कामों को बता सकें। आईएमटी की घोषणा को लेकर विधायक ने कहा कि आईएमटी का आना हमारे लिए आना बहुत बड़ा ऐतिहासिक काम है। आईएमटी का जो उचाना हलके को तोहफा सीएम नायब सिंह सैनी ने दिया है इससे बड़ा कोई ऐतिहासिक काम हो नहीं सकता है।

#### नशा व अपराध से दूर रहने की शपथ ली

**नरवाना।** पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में जींद पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा गांव हथो में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथो व गांव में डोर टू डोर नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। इस दौरान नशा मुक्ति टीम के प्रभारी उप निरीक्षक नरेश कुमार ने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों से बचाव तथा यातायात नियमों की महता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार ने छात्रों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक धीमा जहर है जो इंसान को शारीरिकए मानसिक और आर्थिक रूप से खोखला बना देता है। यह केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार व समाज को प्रभावित करता है। इसलिए हर किसी का यह कर्तव्य है कि वह नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाए। एसआई नरेश कुमार ने कहा कि आजकल ठग विभिन्न तरीकों से लोगों की व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी और बैंकिंग डिटेल्स लेकर धोखाधड़ी करते हैं।


नरवाना। राजकीय स्कूल हथो में बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते नशा मुक्ति टीम के प्रभारी एसआई नरेश कुमार। फोटो :हरिभूमि


उचाना। शहर के कन्या स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी।

#### प्रदर्शनी में 35 स्कूलों ने भाग लिया

**उचाना।** खंड स्तरीय साइंस प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी में हुआ। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए विज्ञान के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि आज का युग वैज्ञानिक युग है। जिसमें हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में विश्व में सबसे अधिक प्रगति कर रहा है। विज्ञान को लेकर विद्यार्थियों की रूचि बढ़ रही है, जो विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान के मॉडलों से चलता है। प्रतिभा की कोई नहीं है। इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में रूचि पैदा करना है। प्रतिस्पर्धा की भावना भी विद्यार्थियों के अंदर पैदा होती है। कार्यक्रम में विनोद कुमार प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ प्रधानाचार्य, विशाल अग्रवाल प्रधानाचार्य, नसीब प्रवक्ता जीव विज्ञान ने विभिन्न मॉडलों का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों ने ने पर्यावरण से संबंधित अनेक मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में लगभग 35 स्कूलों ने भाग लिया।

#### पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**जींद।** लॉयन्स क्लब जींद सिटी का शपथ ग्रहण व पुरस्कार वितरण समारोह बीती रात निजी होटल में संपन्न हुआ। अधिष्ठापन समारोह में डिप्टी गवर्नर लायन अजय बुद्धराज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन विकास मित्तल को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। लायन हरिमोहन गर्ग को सचिव, लायन नवीन गुप्ता को कोषाध्यक्ष, लायन जयभगवान सिंगला को प्रेस सचिव, लायन महेश गुप्ता को टेमर व लायन विजय गर्ग को टेल ट्विटर एके पद की शपथ दिलवाई। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में लायन कपिल जैन, लायन अवतार कुमरा, लायन श्यामलाल अग्रवाल, लायन प्रमोद बंसल को भी शामिल किया गया। क्लब के चार्टर अध्यक्ष लॉयन सुरेश जिंदल व पूर्व अध्यक्ष लॉयन वीपी गर्ग ने मुख्यअथिति वह अन्य अतिथियों का अभिवादन किया। कार्यक्रम के समापन पर इंटरनेशनल चेयरमैन लायन सुनील गर्ग ने सभी अतिथियों वह सदस्यों का धन्यवाद कियात्र लॉयन्स क्लब जींद सिटी ने आंखों के कैंप में डिस्ट्रिक्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



जींद। कार्यक्रम में गणमान्य लोगों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


इंटरर्नशिप के दौरान सीखी गई गतिविधियों का निरीक्षण करती प्राचार्या।

#### छात्राओं ने इंटर्नशिप पाठ्यक्रम किया पूर्ण

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की छात्राओं ने एक जुलाई से सात अगस्त तक अपनी इंटर्नशिप पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया तथा समापन प्रमाण पत्र जमा करवा दिए। इस अवधि में विद्यार्थियों ने एडब्ल्यूएल मेटावर्स प्रालि के अंतर्गत साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग एवं वीडियो एडिटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा स्काईलाइन इंस्टीट्यूट के अंतर्गत जियोइन्फॉर्मेटिक्स का प्रशिक्षण लिया। कुछ विद्यार्थियों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के अधीन ई रिटर्न फाइलिंग का कोर्स किया। वहीं महाविद्यालय द्वारा स्वयं फैशन डिजाइनिंग तथा योग एवं ध्यान का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कुछ विद्यार्थियों ने ब्यूटीशियन कोर्स का भी अभ्यास किया। प्राचार्या पूनम मोर के अनुसार चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की इंटर्नशिप के लिए विद्यार्थियों की मार्गदर्शक पत्रिका की धारा 5ण15 के अंतर्गतए स्नातक द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा उपरांत ग्रीष्मावकाश में इंटर्नशिप करना अनिवार्य था।


नरवाना। कार्यक्रम में युगल गीत गाते गायक। फोटो :हरिभूमि

#### मुकेश नाइट कार्यक्रम का आयोजन

**नरवाना।** मुकेश यादगार समिति द्वारा महान पाश्र्व गायक व सुरों के बेताज बादशाह स्वर्गीय मुकेश कुमार की याद में मिलन पैलेस नरवाना में मुकेश नाइट 2025 का आयोजन किया गया जिसका श्रोताओं ने भरपूर लुत्फ उठाया। मुकेश नाइट में भाग लेने वाले गायकों ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के प्रतिनिधि करण प्रताप बेदी ने शिरकत की। अध्यक्ष हैदराबाद से प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी सुरेंद्र अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि पूर्व लोकसभा सांसद सुनीता दुग्गल रहे। मुकेश नाइट के विशेष आकर्षण सेलिब्रिटी सिंगर एसएस प्रसाद रिटायर्ड आईएएस रंजू प्रसाद रिटायर्ड आईपीओएस, रोशन लाल रिटायर्ड आईएएस, जगदीप ढांडा एचसीएस, गांधीनगर गुजरात से अरविंद रावल, डा. लता पांचाल, दिल्ली से प्रदीप शर्मा, लुधियाना से मुखविंदर सिंह रहे। आए हुए सभी अतिथिगण व श्रोताओं का अभिनंदन समिति के संरक्षक डा. एसके सिंगला व प्रधान अवधेश शर्मा ने किया।

## पिछली सरकारों ने जींद जिले से किया धोखा,भाजपा ने किया विकास : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि पिछली सरकारों ने जींद जिले से विकास के नाम पर वोट लेकर धोखा किया है। जींद जिले को हमेशा गुमराह करने का काम किया है। पिछली सरकारों ने जींद के अंदर बड़ी-बड़ी रैलियों में बड़े-बड़े वादे करके जींद के साथ धोखा किया है। 11 वर्ष के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी ने जींद जिले के रास्तों को बड़े-बड़े हाईवे व जींद जिले के बाईपास से जोड़ कर व जींद में धन्ना भगत पीजीआई हैबतपुर में बना कर एक ऐतिहासिक काम किया है। आज जींद जिले के पांचों हलकों में विकास के काम बड़ी तेजी से चल रहे हैं। जिससे जींद जिले के लोग खुश नजर आ रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 2024 के चुनाव में दो महीने पहले पंचायत व किसानों की धरती पर जब कंडेला पहुंचे थे तो वादा किया था कि जींद जिले को हरियाणा में विकास में सबसे पहले अग्रणी रखा जाएगा। आज वह बात पूरी तरह से साबित हो रही है। जींद जिले ने पांच में से चार सीट देकर हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश



आज प्रदेश में हरियाणा के मुख्यमंत्री व प्रदेश के जींद जिले के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढ्ढा जींद जिले को विकास की गति देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कंडेला ने कहा कि जींद की पीजीआई का कार्य पूरा हो चुका है। जिसकी ओपीडी जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। इस बारे में कृष्ण लाल मिढ़ा मुख्यमंत्री से जल्द ही मिल कर इस पीजीआई का उद्घाटन करवाने का कार्य करेंगें। कंडेला ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने जींद को गुमराह करके अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करने का काम किया है। अब जनता इनके बहकावे में आने वाली नही है।



शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में विश्व चैंपियन खिलाड़ी सारिका को सम्मानित करते हुए।

#### सारिका को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना की गौरव छात्रा तथा विश्व कुश्ती चैंपियन सारिका नैन पुत्री कुलदीप गांव हमीरगढ़ ने सोमवार को अपने अभिभावकों के साथ स्कूल का दौरा किया। एथेंस ग्रीस में संपन्न अंडर 20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर लौटी सारिका का विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में सारिका को पुष्प माला पहना कर स्वागत किया गया और उसकी असाधारण उपलब्धियों के लिए एक विशेष ट्रॉफी प्रदान की गई। समारोह में विद्यालय के सभी छात्र व छात्राएं, शिक्षक गण और प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे। सारिका नैन ने महिला वर्ग 53 किलोग्राम भार श्रेणी में एक के बाद एक शानदार प्रदर्शन करके अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज कराया है। अंडर 17 राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर सारिका ने देशभर के युवा पहलवानों को पीछे छोड़ा और भारतीय कुश्ती में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

### 12 स्वर्ण, 15 रजत व पांच कांस्य पदक जीत कर चमकाया स्कूल का नाम

# करांटे प्रतियोगिता में वेदांता स्कूल ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

जिलास्तरीय एसजीएफआई खेलों में वेदांता इंटरनैशनल स्कूल कलौदा खुर्द के खिलाडिय़ों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम किया। जींद में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में वेदांतियनों ने 12 स्वर्णए 15 रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता में खिलाड़ी युवन, नमन, सफल, हर्ष, निखिल, आशु, शुभम, निखिल, आदित्य, जशन, जतिन व तेजन ने स्वर्ण पदक जीत कर शानदार प्रदर्शन किया। कराटे के साथ-साथ विद्यालय की वॉलीबॉल टीम ने जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं विद्यालय की होनहार बेटी सिमरन ने ताइक्वांडो में प्रथम स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय की प्राचार्या वीना डारा ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय की खेल नीति को दिया। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से विद्यालय में टेबल टेनिस, कराटे और वॉलीबॉल अकादमी संचालित हो रही है। जिनसे खिलाडिय़ों को निरंतर अभ्यास और अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से कराटे कोच सुनील के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि आज वेदांता ने जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप पर कब्जा किया। विद्यालय के फिजिकल डिपार्टमेंट डीपी मेनका, डीपी शिव कुमार और डीपी धर्मबीर को भी इस उपलब्धि पर विशेष बधाई दी गई। विद्यालय निदेशक प्रदीप नैन एवं चेयरमैन रवि श्योकंद ने सभी विजेता खिलाडिय़ों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी कहा कि शीघ्र ही इन खिलाडिय़ों को विद्यालय में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सभी खिलाडिय़ों को राज्य स्तरीय खेलों के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित की गईं।



नरवाना। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के विजेता खिलाड़ी स्कूल डायरेक्टर प्रदीप नैन के साथ। फोटो :हरिभूमि


जींद। कार्यशाला में भाग लेते अध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि

#### वैल्यू एजुकेशन वर्कशॉप का आयोजन

**जींद।** महाराजा अग्रसेन कन्या वमावि में सीबीएसई कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत वैल्यू एजुकेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें महाराजा अग्रसेन एवं विभिन्न विद्यालयों से लगभग 60 अध्यापक अध्यापिकाओं ने भागीदारी की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हमारे बच्चों को जीवन जीने की कला सिखाना है। नैतिक मूल्यों से सुसज्जित चरित्र निर्माण करना है। प्रेम, दया, करुणा, धैर्य, सहनशीलता, ईमानदारी, बड़ों का आदर सम्मान करना आदि मानवीय मूल्यों की संजीवनी शक्तियों को अपने बच्चों में संजोना है। इस कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन श्रीराम स्कूल भिवानी से डा. आशु जैन व महावीर जैन स्कूल कुरुक्षेत्र से मंजुला रहे। जिन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से तरह-तरह की मनोरंजक व व्यवहारिक एक्टिविटीज के द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की। प्रिंसिपल रीटा अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की अति महत्ता है। कोई भी राष्ट्र धन, बल व जन बल से महान नही बनता बल्कि चरित्रवान नागरिकों से महान बनता है।

## खबर संक्षेप



पुलिस लाइन में योगा करते पुलिस के जवान

### पुलिस कर्मियों-अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

**कैथल।** पुलिस लाइन कैथल के कम्युनिटी हाल में एसपी आस्था मोदी के मार्गदर्शन में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। करीब एक घंटे तक चले इस योग आयोजन की विभिन्न क्रियाओं को आयुष विभाग कैथल से योगा ट्रेनर सतीश द्वारा स्वयं योगा करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान वेलफेयर इंस्पेक्टर वेदपाल, लाइन प्रबंधक इंस्पेक्टर रविंद्र सहित अन्य पुलिस कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविर में जन शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इस पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर मिल रहा है। जिसकी वजह से उन्हें अलग अलग विभागों में जाने की जरूरत नहीं पड़ती। सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों द्वारा आमजन की शिकायतें सुनी। कहा कि शिविरों के माध्यम से विभिन्न प्रशासनिक एवं शासकीय विभागों से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है।

### ताइक्वांडो में किठाना स्कूल के खिलाड़ी छाए

**राजौंद।** किठाना पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा सूरज मल जाट स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 80 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान किठाना पब्लिक स्कूल,किठाना के छात्र यश ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक जीता। इसी प्रतियोगिता का दूसरा चरण 25 अगस्त को आयोजित हुआ।

### फसल पंजीकरण 31 अगस्त तक करवाएं

**कैथल ।** डीसी प्रीति ने बताया कि सभी खरीफ फसलों (धान, कपास, बाजरा, मक्का, दालें, फल-फूल व सब्जियों इत्यादि) का पंजीकरण करने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल 31 अगस्त तक खुला हुआ है। सरकार द्वारा संचालित कृषि से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए तथा अपने कृषि उत्पादों को आस-पास की मंडियों में बेचने के लिए किसान अपनी फसल का पंजीकरण अवश्य करें। उन्होंने बताया कि किसान गांव में स्थित अटल सेवा केंद्रों के माध्यम से अपनी सभी फसलों का पंजीकरण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर कर सकते हैं।

---

### गांव सोंगल में राजौंद मंडल की कार्यशाला का आयोजन

# पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाए कार्यकर्ताः ढांडा

आज नायब सरकार में योग्यता के आधार पर बिना खर्ची और बिना पर्ची के युवाओं को नौकरियां मिल रही

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद**

राजौंद मण्डल की कार्यशाला गांव सोंगल में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता राजौंद मण्डल अध्यक्ष सुशील पांचाल द्वारा की गई, जबकि मुख्य वक्ता पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा, कुलविंदर राणा,अजय प्रताप रहे। कार्यशाला के मुख्य बिंदु भारतीय जनता पार्टी के जनकल्याण के कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत करवाना रहा। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने इस दौरान कार्यशाला में बोलते हुए कहा कि



**कैथल।** गांव सौगल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा का समान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ उठाकर हर व्यक्ति अपना रोजगार स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता इसके लिए जन-जन तक सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी हर व्यक्ति के घर तक पहुंचाएं ताकि हर व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सके। पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा बिना खर्ची बिना पर्ची युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरा देश प्रगति पर है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के आयोजक सुशील पांचाल ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल , जिला उपाध्यक्ष कुलविन्द्र राणा, जिला उपाध्यक्ष जंगीर सिसला , जिला सचिव अजय प्रताप , मंडल महामंत्री लोकेश राणा ,पवन शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य अनू राणा , गुड्डी राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल दीक्षित , कमल राणा , राजौंद नगरपालिका चेयरपर्सन बबीता, कमल राणा , मुकेश सरपंच, कर्मपाल राणा , राजेश मैहला, राजेश शर्मा सरपंच, जोगिंदर आदि मौजूद रहे।

---

# भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी



■ कार्यशाला में पूर्व विधायक लीला राम ने कार्यकर्ताओं को बताए राजनीति के मंत्र।

**कैथल।** पूर्व विधायक लीला राम का स्वागत करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

■ बिशनगढ़ गामड़ी में सैनी धर्मशाला में कार्यशाला का आयोजन किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

**सभी सड़कें पक्की**

लीला राम ने कहा कि आने वाले समय में कैथल विकास की दृष्टि से नए आयाम स्थापित करेगा। पूर्व विधायक ने बताया कि आज कैथल हलके में एक गाँव से दूसरे गाँव को जोड़ने वाली कोई भी सड़क कच्ची नहीं है।

पूर्व विधायक लीला राम ने शहर के अंबाला रोड पर बिशनगढ़ गामड़ी में सैनी धर्मशाला में शहरी मंडल की भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यशाला में शिरकत की। लीलाराम ने बोलते बताया कि भारतीय जनता पार्टी आज पूरी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। सबसे बड़ा संगठन है आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार, देश और प्रदेश में सभी जगह सुचारू रूप से चल रही है। एक समय होता था जब संसद के अंदर भाजपा के दो सांसद होते थे। समय ने करवट ली और अब तीसरी बार पूर्ण बहुमत से भारतीय जनता की पार्टी की सरकार देश और प्रदेश में चल रही है। लीलाराम ने कहा कि यह सरकार जो भारतीय जनता पार्टी की चल रही है उसके मूल में भारतीय जनता पार्टी का कर्मठ और मेहनती कार्य करता है। लीलाराम ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग ही भाजपा की असली ताक़त हैं जो बूथ जीत करके भाजपा के विधायक जिताते हैं उसके बाद सरकार बनाने का काम आप जैसे लोगों के हाथों से होता है। विधायक लीलाराम ने कहा कि आज देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का डंका बज रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी दिन रात जनता के कार्यों में लगे है।

---

# पूंडरी में 11 सप्ताह का स्वच्छता अभियान शुरू

■ घर-घर दस्तक देकर बढ़ेगी जागरूकता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी**

पूंडरी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने कमर कस ली है। हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत 11 सप्ताह का विशेष सफाई अभियान 24 अगस्त से 7 नवंबर तक चलाया जाएगा। अभियान की थीम हर मोहल्ला, हरी गली, हर मकान स्वच्छ हरियाणा की पहचान रखी गई है।

पालिका सचिव नरेश कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत घर-घर दस्तक देकर नागरिकों को जागरूक किया जाएगा और सभी वार्डों में सफाई का विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 सप्ताह के इस अभियान की



**कैथल।** स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते नगरपालिका सचिव नरेश कुमार।

रूपरेखा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाई गई है, जिसमें 11 अलग-अलग थीम और गतिविधियां शामिल हैं। इनमें स्वच्छता संकल्प, सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई और मरम्मत, जन भागीदारी, जल निकायों की सफाई, सफाई मित्र सम्मान, स्वच्छ बाजार अभियान, आवारा पशुओं का स्थानांतरण, स्वच्छता संदेश और स्वच्छता उत्सव जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। सचिव नरेश कुमार ने कहा कि इस अभियान में शहर के सभी सरकारी विभाग, निजी कार्यालय, बैंक, बाजार एसोसिएशन और गैर-सरकारी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वेस्ट से

**सरकार ने जारी**

इस मौके पर जे.ई. प्रदीप गुप्ता, एस.आई. वीरेंद्र, कोऑर्डिनेटर मुकेश कुमार, सुशील चड्ढा, दिनेश सैनी, दिलावर, अरविंद, रोहित सैनी और अनीता सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

निर्मित सजावटी वस्तुएं चौक-चौराहों और पार्कों में लगाई जाएंगी, साथ ही स्वच्छता स्लोगन भी मुख्य स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक रेहड़ी व दुकान के पास हरे और नीले दो डस्टबिन अवश्य होने चाहिए और जोन इंचार्ज रोजाना फास्ट-फूड रेहड़ियों व दुकानदारों की सफाई व्यवस्था की चेकिंग करेंगे। सभी कर्मचारी अपनी गतिविधियों की पहले और बाद की तस्वीरें लेकर रिकॉर्ड तैयार करेंगे, ताकि बीट अनुसार रिपोर्ट बनाई जा सके।

---

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में नरडांचल विद्यालय का रहा दबदबा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में नरडांचल पब्लिक स्कूल नरड का दबदबा रहा। अंडर 17 लड़कीयों ने खो-खो प्रतियोगिता में पुंडरी ब्लॉक को हराया। सी बी एस ई क्लस्टर नॉर्थ जोन 16 में व जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। स्कूल के डी पी ई रणदीप ढुल ने बताया कि सिरसा के अंदर 21-08-2025 से 23—08-2025 चल रही सीबीएसई क्लस्टर नॉर्थ जोन 16 में हमारे स्कूल के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन दिखाकर अपने ग्रुप में पहले स्थान पर क्वालीफाई किया और सेमीफाइनल मुकाबले में फतेहाबाद को हराकर फाइनल मैच में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में पोंटा साहिब हिमाचल प्रदेश को हराकर ट्रॉफी पर



**कैथल।** प्रतियोगिता में अव्वल रहे नरडांचल पब्लिक स्कूल नरड के विद्यार्थी

कब्जा गया और सीबीएसई नेशनल के अंदर सभी लड़कियों ने क्वालीफाई किया यह नेशनल यूपी के अयोध्या में आयोजित होनी है वहीं दूसरी ओर कैथल के जाट ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता जो 23 से 25 अगस्त तक आयोजित हुई जिसमें नरडांचल स्कूल की लड़कियों ने खो-खो अंडर 17 के अंदर पुंडरी ब्लॉक को 11/10 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं अंडर 17 लड़कों ने भी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। टीम के सदस्यों में कोच रणदीप ढुल, काजल, अंजलि, दिया, दिव्या, कशिश, नैंसी ,तमन्ना, प्रीति, क्रिस्टी, कोमल, रितिका, यामिनी गोयत शामिल रहे। इन सभी खिलाड़ियों का स्कूल में पहुंचने पर एमडी सुरेश नैन व प्रिंसिपल सीमा रानी ने मेडल पहनाकर स्वागत किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

## राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय उधमिता पखवाड़े का किया शुभारंभ



उधमिता पखवाड़े में भाग लेती छात्राएं।

**पूंडरी।** हरियाणा सरकार निर्देशानुसार कौशल विकास और औधोगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के द्वारा 21 अगस्त 2025 को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विश्व उधमिता दिवस का आयोजन किया गया था। इसमें माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उधमिता पखवाड़ा की शुरुआत की। प्रिंस चौहान वर्ग अनुदेशक ने बताया की इस कार्यक्रम के तहत राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला पुंडरी में 25 से 27अगस्त तक उधमिता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, उधमिता पर विचार गोष्ठी पर प्रतियोगिता की जाएगी। आज 25 अगस्त को छात्राओ ने स्लोगन राइटिंग में भाग लिया व सभी छात्राओ ने उधमिता पखवाड़ा पर बहुत अच्छे अच्छे स्लोगन राइट किए। संस्थान के अनुदेशकों पुष्पा रानी, प्रदीप, सुनील कुमार, अर्चना, सरिता व सुमनलता ने छात्राओ को उधमिता के बारे में जानकारी दी।

---

# असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के निर्देश

■ एसपी ने की जिला स्तरीय पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता

**हरिभूमि न्यूज कैथल**

जिले में जिला स्तरीय पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी का गठन किया गया है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कैथल में पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी की अध्यक्षता में पुलिस-पब्लिक समन्वय मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस व आमजन के बीच आपसी सहयोग व तालमेल को मजबूत बनाना तथा अपराधों की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयास करना रहा। बैठक में विभिन्न गांवों व कस्बों से जुड़े मौजिज व्यक्तियों ने भाग लिया और अपने क्षेत्र की समस्याओं को एसपी के समक्ष



**कैथल।** एसपी आस्था मोदी शांति कमेटी के साथ मीटिंग करते।

रखा। बैठक के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने नशा तस्करी, सट्टेबाजी, ट्रैफिक व्यवस्था और स्थानीय स्तर की अन्य समस्याओं बारे विस्तार से चर्चा की। एसपी आस्था मोदी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि पुलिस व जनता के बीच सहयोग से ही अपराध मुक्त और सुरक्षित समाज की स्थापना संभव है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे क्षेत्र में हो रही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

---

## हनुमान जी के स्वरूप के उपलक्ष्य में किया दरबार स्थापना का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

मां अंजनी लाल हनुमान सेवा समिति, कैथल द्वारा हनुमान जी के स्वरूप के उपलक्ष्य में दरबार स्थापना का आयोजन महादेव कॉलोनी सीवन गेट पर किया गया है। इस अवसर पर समिति द्वारा हवन किया गया। इसमें समिति के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य हनुमान जी की भक्ति और उनके आशीर्वाद को प्राप्त करना है। इस अवसर पर भक्तजन हनुमान जी की आराधना कर सकेंगे और उनके आशीर्वाद को प्राप्त कर सकेंगे। समिति के सदस्य और स्थानीय लोग इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और इसे सफल बनाने के लिए प्रयासरत है। समिति के सदस्यों आशु गांधी , अंकु शर्मा , चिराग गुलाटी , दीक्षित जाट , गोमसी



महादेव कॉलोनी सीवन गेट पर स्थापित की प्रतिमा।

गांधी, हेमंत खुराना , शुभम खुराना , करन दिनोदिया, रूद्र गोस्वामी , दीपक गोसाई , शिवम मक्कड़ , दीपक ढींगड़ा, संयम मनचंदा , साहिल सुखीजा , वंश मिगलानी , संयम पाहवा , वंश वर्मा , ऋतिक लूथरा , ने सभी भक्तजनों से निवेदन किया कि इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर हनुमान जी की कृपा प्राप्त करें।

---

## हरियाणा सरकार का तुगलकी फरमान कर्मियों की मेहनत का अपमानः आदित्य सुरजेवाला

■ कहा : भाजपा शासन में शिक्षा संस्थान अब राजनीतिक स्वार्थों का अड्डा बन रहे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

हरियाणा की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक बार फिर तुगलकी फरमान से कर्मचारियों की मेहनत का अपमान किया गया है। कैथल से विधायक आदित्य सुरजेवाला ने भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सैनी पर हमला बोलते हुए कहा कि अमरनाथ भगत जयराम राजकीय महिला महाविद्यालय, सेरधा में वर्षों से समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों और अध्यापकों को एकाएक परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। इस आदेश ने न केवल कर्मचारियों के बीच आक्रोश पैदा किया है, बल्कि शिक्षा तंत्र की नीतियों और सरकार



आदित्य सुरजेवाला

की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आदित्य सुरजेवाला ने हरियाणा सरकार की तुग़लकी नीति करार देते हुए कहा कि यह आदेश न केवल कर्मचारियों की गरिमा पर हमला है, बल्कि शिक्षा तंत्र को कमजोर करने की साजिश भी है। जिन लोगों ने इस कॉलेज को अपने खून-पसीने से सींचा, उन्हें अपमानित करना कहां का न्याय है? क्या भाजपा सरकार पुराने कर्मचारियों को हटाकर अपने चहेतों को नियुक्त करने की योजना बना रही है? यह बेटियों की शिक्षा और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

---

## हर मोहल्ला, हर गली, हर मकान, स्वच्छ हरियाणा की पहचानः डीसी प्रीति

# सात नवंबर तक चलाया जाएगा हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान

■ अभियान के तहत जिला में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

डीसी प्रीति ने कहा कि 7 नवंबर तक हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसका टैग लाईन हर मोहल्ला, हर गली, हर मकान, स्वच्छ हरियाणा की पहचान है। इस अभियान के तहत जिला में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी, जिसमें जागरूकता कार्यक्रम, कूड़ा-कचरा प्रबंधन, खाली पड़े प्लाटों से कूड़े का उठान, ग्रीन एंड क्लीन हरियाणा, जल संसाधन की साफ-सफाई, सफाई



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों से बातचीत करते। फोटो : हरिभूमि

मित्र सम्मान अभियान, क्लीन स्ट्रीट एंड हैल्दी ईटस, बेसहारा पशुओं के शिफ्टिंग का कार्य, जन भागीदारी कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता उत्सव अभियान आदि शामिल हैं। सभी उपमंडल अधिकारी एवं नगर पालिका सचिव अपने-अपने क्षेत्र का दौरा करें और सफाई के क्षेत्र में अपने जिला को नंबर-1 बनाएं।

डीसी प्रीति लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। सभी विभाग इस अभियान के अंतर्गत आमजन के सहयोग से सफाई कार्य में तेजी लाएं। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में चेयरपर्सन व पार्षदों की बैठक लें और उन्हें इस अभियान के बारे में अवगत करवाएं। फील्ड का दौरा करें और निरीक्षण करें कि हर मोहल्ला, हर गली, हर मकान स्वच्छ है या नहीं। सीवरेज की व्यवस्था सही है या नहीं।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, एसडीएम कैथल अजय सिंह, एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, डीडीपीओ रितु लाठर, ईओ दीपक कुमार, नगर परिषद सचिव भानू शर्मा, कलायत नगर पालिका सचिव पवन शर्मा, राजौंद नगर पालिका सचिव नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे

**पार्कों में पौधा रोपण करवाएं**

सरकारी भवनों में साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें। ग्रीन एवं क्लीन हरियाणा के तहत कालोनी, मार्किट, स्कूल व पार्कों में पौधा रोपण करवाएं। पार्कों में लगाए गए ओपन जिम की रिपेयर, डस्टबिन की व्यवस्था, शौचालय की साफ-सफाई तथा पौधे लगाएं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, झील व नहरों की सफाई करवाई जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जोहड़, तालाब में सॉलिड वेस्ट न डाला जाए।

## खबर संक्षेप



### छात्रा निधि ने किया कुश्ती में जिला टॉप

**राजौंद।** गौरव स्कूल रोहेड़ा की छात्रा निधि ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया।गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम, खानपुर में आयोजित अंडर -17, 54 के जी भार वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में निधी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता में राजौंद खंड का प्रतिनिधित्व किया। उनकी इस बेहतरीन उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने सभी स्टाफ सदस्यों, अभिभावकों और बच्चों को बधाई दी। अब निधि आगामी होने वाली राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कैथल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### दुकानदारों की आवाज बनेंगे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री

**उचाना।** पिछले कई सालों से दुकानों के मालिकाना हक के लिए चक्कर काट रहे दुकानदारों की आवाज बनने का काम विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री करेंगे।



विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री 26 अगस्त को विधानसभा सत्र में दुकानदारों के मालिकाना हक का मुद्दा उठाने का काम करेंगे। सरकार द्वारा शुरू की गई स्वामीत्व योजना के तहत नगर पालिका एरिया में जो नपा द्वारा दुकान बना कर दी गई है वो निर्धारित राशि भरकर मालिकाना हक दिया जाने का फैसला लिया हुआ है। उचाना के काफी ऐसे दुकानदार हैं जो मालिकाना हक पाने के लिए निरंतर उचाना नगर पालिका से लेकर चंडीगढ़ के चक्कर काट कर चुके है। दुकानदारा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से दुकानों के मालिकाना हक दिलवाने की मांग को लेकर मिले थे।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही है दी जा रही वित्तीय सहायता

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा निराश्रित बच्चों को हर माह 2100 रुपये प्रति बच्चा (अधिकतम दो बच्चे) पेंशन प्रदान की जा रही है। इस स्कीम में 0 से 21 वर्ष तक की आयु के बच्चें, जो पिता की मृत्यु होने पर सहायता एवं देखभाल से वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने पर, माता-पिता की लंबी सजा होने के कारण या मानसिक व शारीरिक अक्षमता आदि होने पर निराश्रित हो जाते हैं। उन्हें इस पेंशन का लाभ दिया जाता है। डीसी ने बताया कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के लिए पिता की मृत्यु का प्रमाण पत्र या पिता का 100 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, 7 वर्ष या इससे अधिक गुमशुदगी की पुलिस रिपोर्ट/ कोर्ट से तलाक/ पति का दो वर्ष से अधिक कारावास में होने का प्रमाण पत्र होना चाहिए।



# धर्मांतरण नियमों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित

- नियमों की अवहेलना न हो, इसके लिए प्रशासन अलर्ट मोड में है और निर्धारित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन निवारण अधिनियम एवं नियम 2022 के प्रावधानों की अनुपालना जिला में प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी रूप से नियमों की अवहेलना न हो, इसके लिए प्रशासन अलर्ट मोड में है और निर्धारित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन निवारण अधिनियम एवं नियम 2022 के प्रावधानों के तहत धर्म परिवर्तन करने का इरादा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को धर्म परिवर्तन से पहले उपायुक्त कार्यालय को प्रपत्र क में एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिन मामलों में धर्मांतरण किया जाने वाला युवा नाबालिग है, तो जीवित माता-पिता दोनों को प्रपत्र ख में एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।



डीस मोहम्मद इमरान रजा।

इसके अतिरिक्त किसी भी धार्मिक पुजारी या धर्मांतरण समारोह का आयोजन करने वाले व्यक्ति को उपायुक्त कार्यालय में प्रपत्र ग में पूर्व सूचना देनी होगी जहां धर्मांतरण की योजना है।

ऐसी घोषणाएं या सूचनाएं प्राप्त होने परए उपायुक्त कार्यालय से एक रसीद जारी करके उनकी पावती देंगे। जिससे धर्मांतरण प्रक्रिया का औपचारिक दस्तावेजीकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। इसके अलावाए अधिनियम में यह प्रावधान है कि सूचना प्रदर्शित होने के तीस दिनों के भीतर कोई भी व्यक्ति लिखित में आपत्ति दर्ज करा सकता है। ऐसी आपत्तियां प्राप्त होने पर नियमानुसार गहन सत्यापन और जांच करने का अधिकार हैं।

यदि जांच के बाद पाया जाता है कि प्रस्तावित धर्मांतरण अधिनियम का उल्लंघन है, जैसे कि बल प्रयोग, धोखाधड़ी, जबरदस्ती या अन्य निषिद्ध साधनों का प्रयोग है तो एक विस्तृत और तर्कसंगत आदेश जारी करके धर्मांतरण की अनुमति देने से इनकार करने का अधिकार है।

#### धर्म छिपा कर की गई शादी अमान्य

डीसी ने बताया कि अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि शादी के लिए अपना धर्म छिपाने के प्रावधान का उल्लंघन करके किया गया कोई भी विवाह अमान्य माना जाएगा। ऐसे विवाह से पैदा हुआ कोई भी बच्चा वैध माना जाएगा और उसकी संपत्ति का उत्तराधिकार उसके माता.पिता के उत्तराधिकार कानूनों के अनुसार होगा।

#### नागरिक गैरकानूनी प्रलोभन से बचें : डीसी

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य व्यक्तिगत धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करना नही है बल्कि नागरिकों को धोखे, जबरदस्ती या गैरकानूनी प्रलोभन से बचाना है। अधिनियम किसी भी व्यक्ति को गलत बयानी, बल प्रयोग, धमकी, अनुचित प्रभाव, प्रलोभन या कपटपूर्ण तरीकों (डिजिटल माध्यमों सहित) के माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति का एक धर्म से दूसरे धर्म में धर्मांतरण करने या ऐसा करने का प्रयास करने से रोकता है। यह विवाह द्वारा या विवाह के लिए धर्मांतरण पर भी प्रतिबंध लगाता है।

#### गैरकानूनी धर्मांतरण के लिए सजा का प्रावधान

डीसी ने बताया कि अधिनियम में यह प्रावधान है कि गैरकानूनी धर्मांतरण के लिए एक से पांच साल की कैद और कम से कम एक लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। अगर कोई व्यक्ति शादी करने के लिए अपना धर्म छुपाता है तो उसे तीन से दस साल की कैद और कम से कम तीन लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। नाबालिग, महिला या अनुसूचित जाति या जनजाति के व्यक्ति का धर्मांतरण करने पर चार से दस साल की कैद और कम से कम तीन लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। सामूहिक धर्मांतरण, जिसे एक ही समय में दो से ज्यादा लोगों के धर्मांतरण के रूप में परिभाषित किया गया है के लिए पांच से दस साल की कैद और कम से कम चार लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।

### मारपीट करने के मामले में बेल जंपर आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रणदेव द्वारा उद्घोषित अपराधी सिरटा रोड़ कैथल निवासी आरोपी सुरजीत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 30 अक्तुबर 2022 को आटो रिक्शा चालक माता गेट कैथल निवासी प्रकाश चंद को किराया ने देकर ऑटो रिक्शा के पर्दे फाड़ने व मारपीट करने का आरोप था। आरोपी सुरजीत को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 18 अगस्त 2025 को पीओ घोषित कर दिया था।

### पेट में कीड़े होने की वजह से रूक जाता है बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास

# पांच लाख से अधिक बच्चे व किशोर आज खाएंगे एल्बेंडाजोल की गोलियां

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत दो सितंबर को मनाया जाएगा मॉपअप डे
- अगर कोई बच्चा ज्यादा बीमार है तो उसे ये गोली न खिलाएं : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर मंगलवार को जिला के एक से 19 वर्ष तक की आयु वाले पांच लाख से अधिक बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएंगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों और स्लम एरिया में पहुंचेंगे और गोलियां खिलाएंगे। जो बच्चे मंगलवार को किसी कारणवश एल्बेंडाजोल की गोली नही खा पाएंगे, उन बच्चों को दो सितंबर को मॉपअप डे के तहत गोलियां खिलाने का काम किया जाएगा।



सीएमओ डा. सुमन कोहली।

#### इसलिए जरूरी हैं एल्बेंडाजोल की गोली खाना

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि पेट में कीड़े होने की वजह से बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास रुक जाता है। इसलिए एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए पेट में कीड़े मारने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाती हैं। वर्ष 2025 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह दूसरी बार अभियान चलाया जा रहा है। यह टेबलेट जिन बच्चों में खून की कमी, उल्टी, दस्त, कमजोरी व पेट दर्द आदि समस्याएं होती है उन सभी को यह टैबलेट लेने से यह समस्याएं दूर करने में लाभदायक होती है। इस कार्यक्रम के तहत एक से दो वर्ष के बच्चों के लिए एल्बेंडाजोल टेबलेट की खुराक आधा टैबलेट व तीन से 19 वर्ष के बच्चों के लिए एक टेबलेट देने का प्रावधान है।

#### राजकीय और निजी स्कूलों में लगभग अढाई लाख विद्यार्थी कर रहे

जिले में 724 राजकीय स्कूल और 387 प्राइवेट स्कूल हैं। राजकीय और प्राइवेट स्कूलों में लगभग अढाई लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके अलावा जिले में 17 राजकीय व निजी कॉलेज सहित विश्वविद्यालय हैं, जिसमें लगभग 13 हजार से अधिक युवा पढ़ाई करते हैं। इसके अलावा कुछ छोटे बच्चे स्लम बस्ती, झुग्गी व झोपडियों व ईंट भ_ों पर भी रहते हैं। वहां अभिभावक जानकारी के अभाव में अपने बच्चों को एलबेंडाजोल की गोलियां नहीं खिला पाते। उन्हें भी गोलियां खिलार्ई जाएंगी।

#### 473811 बच्चों को खिलाएंगे एल्बेंडाजोल की गोलियां

जिला में पांच लाख से अधिक व्यक्तियों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जानी हैं। जिसमें एक वर्ष से 19 तक की आयु के बच्चों को चार लाख 73 हजार 811 एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएंगी। इसी प्रकार 20 से 34 वर्ष तक की आयु की 36838 महिलाओं को भी एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

#### बच्चा ज्यादा बीमार है तो उसे ये गोली न खिलाएं

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि अगर कोई बच्चा ज्यादा बीमार है तो उसे ये गोली न खिलाएं। इसके अलावा एएनएम व आंगनबाड़ी वर्कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे। वंचित रहने वाले बच्चों को मॉप अप डे पर दो सितंबर को गोली खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग शत-प्रतिशत बच्चों को दवा खिलाना सुनिश्चित करेगा।

## कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है : डा. पुष्पा तायल



25 जे 28 कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पा तायल।

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना

गतौली मंडल कार्यकारिणी की सांगठनिक बैठक का आयोजन लोक निर्माण विश्राम गृह में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रवि ने की व प्रमुख वक्ता के तौर पर मौजूद रहे भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल जिला उपाध्यक्ष विकास ब्राह्मणवास, सुखदीप बुआना, विकाश श्योकंद रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तायल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है। कोई भी पार्टी कार्यकर्ताओं के दम पर ही सत्ता में आती है। तायल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए धरातल पर संगठन द्वारा बताए गए कार्यों को आगे बढ़ाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मैराथन दौड़ करवाएं, सभी कार्यकर्ता एक एक पेड़ लगवाएं व उसकी देखभाल करें। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर अस्पतालों में जाकर मरीजों को फल वितरित करें। स्वच्छता अभियान चलाएं। सुखदीप बुआना ने संगठनात्मक कार्यों पर चर्चा की। बुआना ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी अपने अपने बूथों पर जाकर बूथ को मजबूत करें। क्योंकि जब बूथ मजबूत होगा तभी चुनाव जीता जा सकता है। बूथ अध्यक्ष युवा, महिला, एससी, बीसी टीम का गठन करें। शक्ति केंद्रों व पालक को मजबूत करें। भाजपा आईटी सेल से विकाश श्योकंद ने कहा कि सभी कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने अपने बूथों पर मोदीजी के मन की बात कार्यक्रम को सुनें व इसकी फोटो सरल एप पर लोड करें।




उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा वाल्मीकि महासभा के प्रदेश महासचिव सत्यवान ढिलौड़।

### वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास समारोह रहा ऐतिहासिक

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

हरियाणा वाल्मीकि महासभा के प्रदेश महासचिव सत्यवान ढिलौड़ ने कहा कि पालवां के सर्व जातीय दाडन्न खाप के चबूतरे के पास बनने वाले उचाना हलके के पहले वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास निर्माण को लेकर आयोजित भूमि पूजन एवं समारोह ऐतिहासिक रहा। वाल्मीकि समाज के लोगों की खूब भीड़ समारोह में पहुंची।

समारोह में आए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी एवं विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा 31-31 लाख की ग्रांट, विधायक योगेंद्र राणा, विधायक कपूर वाल्मीकि ने 11-11 लाख का अनुदान राशि। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहले 21 लाख की ग्रांट निर्माण को लेकर दे चुके हैं। ऐसे में एक करोड़ रुपये से अधिक की ग्रांट एवं अनुदान राशि वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास निर्माण को लेकर आएगी। वाल्मीकि समाज के लोग ग्रांट, अनुदान एवं खुद के निजी कोष से सहयोग देने वालों का आभार प्रकट करता है।

ढिलौड ने कहा कि वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास के निर्माण के बाद नई जागृति समाज एवं क्षेत्र में आएगी। छात्रावास जो बनेगा वो आने वाले बच्चों के लिए प्रेरणा बनेगी। 2400 गज जमीन पालवां गांव की पंचायत द्वारा दी गई है। हमारा उद्देश्य प्रदेश का सबसे भव्य वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास का निर्माण करना है। सभी वाल्मीकि समाज के लोग भवन निर्माण को लेकर अपना पूरा समय एवं सहयोग दें।

## जनसमस्याओं के त्वरित निपटारे का माध्यम बन रहे हैं समाधान शिविर

- शिविर में जलभराव, फैमिली आईडी से जुड़ी शिकायतें आई सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन की समस्याओं को शीघ्रता से सुलझाने के लिए नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित कर रही है। ये शिविर नागरिकों को एक ही छत के नीचे अपनी शिकायत रखने और उसी समय समाधान पाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सात समस्याएं आई। जिनके लिए संबंधित विभागों को मौके पर ही कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य शिकायतकर्ता को तुरंत राहत देना और उसकी परेशानी को प्राथमिकता के आधार पर हल करना है। इस अवसर पर गांव पोली के निवासियों ने सरकारी स्कूल के पास बारिश के पानी के कारण गली में जलभराव की शिकायत रखी। वहीं गांव करेला के लोगों ने खेतों में पानी भरने की समस्या बताई। इसके अलावा फैमिली आईडी से जुड़ी परेशानियां भी सामने आईं। सभी मामलों पर डीसी ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तुरंत निवारण के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। नालियों और सीवर की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन को जलभराव जैसी समस्या का सामना न करना पड़े।



जींद। जनसमस्याएं सुनते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त ने बताया कि हर सोमवार और गुरुवार सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। जिनमें जिला मुख्यालय से लेकर उपमंडल स्तर तक नागरिकों की शिकायतें सुनी जाती हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों से प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। शिविर के दौरान एडीसी विवेक आर्य, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, सीटीएम मोनिका रानी, आरटीए गिरीश कुमार, डीआरओ राजकुमार और डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




राजौंद। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली के होनहार विद्यार्थी।

## जिला खेलों में आदर्श स्कूल के सितारों की शानदार उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली के होनहार विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में ऐसा प्रदर्शन किया जिसने पूरे विद्यालय परिवार और क्षेत्र को गर्व से भर दिया।अमन ने अद्भुत लगन और मेहनत के बल पर 100 मीटर फ्री स्टाइल व 50 मीटर बैक स्ट्रोक तैराकी दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया।लक्ष्य जाखौली ने ताइक्वांडो में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी साहसिक प्रतिभा का परिचय दिया।सौरभ जाखौली ने अंडर-17 वर्ग में द्वितीय स्थान अर्जित कर विद्यालय की शान बढ़ाई।सिमरन माजरा ने जूडो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश शर्मा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ये नन्हे सितारे न सिर्फ विद्यालय का बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव हैं। खेल जीवन में अनुशासन आत्मविश्वास और जीत की ललक पैदा करते हैं। मुझे विश्वास है कि ये विद्यार्थी आने वाले समय में प्रदेश और देश का नाम भी रोशन करेंगे।

**कार्यक्रम** राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करवाई में जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी

# क्वांटम युग-देश के विकास की नई दिशा: डॉ. विजय लक्ष्मी

- अनीता और आदित्य ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल मॉडल टाउन जींद रोड कैथल में जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजय लक्ष्मी की देखरेख में किया गया ,कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार रहे है । इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजय लक्ष्मी ने बताया कि इस वर्ष विज्ञान संगोष्ठी का विषय ,क्वांटम युग :संभावनाएं एवं चुनौतियां। जिस पर जिले के विद्यार्थियों ने पहले ब्लॉक स्तर पर अपनी प्रस्तुति दी है और ब्लॉक स्तर पर प्रथम द्वितीय और तृतीय रहने वाले विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई है। इस प्रकार की विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं छात्रों के कौशल में निखार आता है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार ने बताया कि विज्ञान संगोष्ठी में छात्रों ने वैज्ञानिक सिद्धांतों ,भविष्य की संभावनाओं तथा मानव जीवन पर पढ़ने वाले प्रभाव को रोचक उदाहरण के साथ प्रस्तुत किया। छात्रों की प्रस्तुति देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जिले के छात्र भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन रूपा शर्मा ,कन्या स्कूल पाई ने किया। निर्णायक मंडल में इंदु पीजीटी फिजिक्स, कन्या स्कूल सीवन एवं सारिका पीजीटी फिजिक्स ,कन्या स्कूल कैथल रहे। इस मौके पर राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर लाभ सिंह लैलर ने छात्रों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ कैथल का धन्यवाद किया कि उन्होंने उनके विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों और अध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गोपाल ,सेवानिवृत अध्यापक, रिशु कंसल पीजीटी केमेस्ट्री कैथल कुसुम लता पीजीटी केमेस्ट्री बलवंती एवं दिनेश कुमार विज्ञान अध्यापक का सराहनीय सहयोग रहा।





कैथल। जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए तथा स्टाफ सदस्यों को सम्मानित करते हुए।

#### यूं रहे परिणाम

जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार ने बताया कि जिला विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम और द्वितीय रहने वाले विद्यार्थी राज्य स्तरीय संगोष्ठी में .भाग लेंगे जो की सितंबर मास में एससीईआरटी गुरुग्राम में आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम अनीता कक्षा दसवीं पीएम श्रीराजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन, द्वितीय आदित्य कक्षा नौवी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौन्द, तृतीय तमन्ना कक्षा दसवीं राजकीय कन्या हाई स्कूल बालू रही।

### कपास सूक्ष्म पोषक तत्व एवं एकीकृत कीट प्रबंधन पर आवेदन 30 सितंबर तक

**जींद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कपास की फसल को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म पोषक तत्व एंव एकीकृत कीट प्रबंधन पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। जिसके तहत अधिकतम दो एकड़ की भूमि हेतु पचास प्रतिशत सब्सीडी प्रति एकड़ अधिकतम दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि पंजीकृत किसानों को प्रदान की जाएगी। जिसमें एक किसान अधिकतम दो एकड़ तक सहायता राशि ले सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर होगी। कोई भी किसान जिसके द्वारा मेरी फसल, मेरा ब्यौरा में कपास के तहत अपना पंजीकरण करवाया होगा, वहीं किसान यह लाभ लेने का पात्र होगा।